# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में हिंदी दिवस समारोह

संवाद सहयोगी, बेनाचिति : भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम उप क्षेत्रीय कार्यालय दुर्गापुर में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह सह हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यालय में एक से 15 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़े का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्मिकों को हिंदी में काम-काज करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हिंदी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। जहां मुख्य रूप से एनआइटी के प्रो. डॉ. श्रीकृष्ण राय मौजूद थे। जहां वरिष्ठ अनुवादक विकास कुमार भारती के नेतृत्व में मौखिक हिंदी क्विज का भी आयोजन किया गया। कर्मियों के द्वारा हिंदी कविता पाठ, हिंदी गीत आदि प्रस्तुत किया गया। जहां अनुज कुमार द्वारा गाए जगजीत सिंह की गजल वक्त का ये परिंदा चला है कहां ने शमां बांध दिया। कार्यालीन काम-काज में हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कार्यालय अध्यक्ष उपनिदेशक प्रभारी रूद्रदीप दत्त ने कर्मियों को बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 में संस्कृत एवं अन्य भारतीय भाषाओं के शब्द से हिंदी के विकास की बात की गई है। कठिन शब्दों के प्रयोग से भाषा बोझिल हो जाती है और इससे कार्मिकों की हिंदी सिखने की रूचि भी प्रभावित होती है।



ईएसआइसी कार्यालय में दीप जलाते अतिथि • जागरण

उन्होंने सभी से सहज एवं सरल हिंदी के प्रयोग करने का अनुरोध किया। डॉ. श्रीकृष्ण राय ने कहा कि बहुत कम कार्यालय प्रमुख को हिंदी भाषा में प्रचार-प्रसार में इतने सक्रिय भूमिका निभाते हुए देखा जाता है । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बंग भूमि स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही हिंदी के विकास के प्रति सक्रिय रहा है। इस भूमि से ही प्रथम हिंदी समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। उन्होंने नेता जी सुभाष चंद्र बोस, गणेश शंकर विद्यार्थी का नाम लेते हुए कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों ने प्रारंभ से ही हिंदी भाषा के विकास के लिए काम किए। उन्होंने सभी से सरल हिंदी भाषा का प्रयोग करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकृष्ण राय, रूद्रदीप दत्त, उप निदेशक (प्रभारी), डीबी दास, सहायक निदेशक एवं गौतम चटर्जी ने पुरस्कृत किया।